an>

Title: Need to clean and conserve rivers in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) ः मध्य प्रदेश के अमरकंटक से नमामि देवी नर्मदे की यात्रा शुरू हो चुकी है, जिसमें मध्य प्रदेश के 16 जिले, 51 विकास खण्ड और 962 स्थानों पर यात्रा करते हुए 2930 कि.मी. की यात्रा पूरी होगी। इस यात्रा का उद्देश्य नमामि देवी नर्मदे, ग्रीन नर्मदे, प्रदूषण मुक्त नर्मदे और उसके घाटों को पवित्र बनाया जाना है।

मैं भारत सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए इस संकल्प की ओर दिलाना चाहता हूँ। क्या इस यात्रा में भारत सरकार अपना सहयोग देगी? इसके साथ-साथ मैं मांग करता हूँ कि मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में टमस नदी, सतना नदी, सेमरावल नदी एवं मंदाकिनी एवं पैसुनी नदियों को निर्मल बनाने के लिए विशेष प्रोजेक्ट बनाया जाए क्योंकि चित्रकूट एक धार्मिक स्थल है, जिसमें लाखों लोग आज भी मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाने आते हैं। इसी तरह से अन्य तीनों नदियां जो पवित्रता की अद्भुत ऐतिहासिक निशानी हैं उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मैं भारत सरकार से नमामि गंगे की तर्ज पर इनको भी संरक्षित किए जाने की मांग करता हूँ।